दे दे अपनी नौकरी बालाजी सरकार

धुन- देना हो तो दीजिए जन्म जन्म का साथ

दे दे अपनी नौकरी, बाला जी / मेहंदीपुर सरकार ll
*बस इतनी तनखाह देना ll, मेरा सुखी रहे परिवार,,,
दे दे अपनी नौकरी, बाला जी / सालासर सरकार ll

तेरे काबिल नही हूँ बाबा, फिर भी काम चला लेना l
जैसा भी हूँ तेरा ही हूँ, गुण अवगुण बिसरा देना ll
*जो तेरी किरपा होगी ll, मेरा सुधरेगा संसार,,,
दे दे अपनी नौकरी,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

सेठों के तुम सेठ हो बाबा, हमरी क्या औकात है l
तेरी सेवा मिल जाए तो, ये किस्मत की बात है ll
*मानेंगे तेरा कहना ll, हम करते हैं इकरार,,,
दे दे अपनी नौकरी,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

थोड़ी सी दौलत दे करके, हमको ना बहलाओ जी l
आज खड़े हैं सामने तेरे, हमको हुक्म सुनाओ जी ll
*भक्तों की इस अर्जी पे ll, मत करना तूँ इन्कार,,,
दे दे अपनी नौकरी,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

मैं सेवक छोटा सा हूँ, तेरा बहुत बड़ा उपकार l
अब दी है बाबा नौकरी, तेरा छोड़ूँ न दरबार ll
*आज खड़े हैं दर पे तेरे ll, दे दे दर्स दीदार,,,
दे दे अपनी नौकरी,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

अपलोडर- अनिलरामूर्तीभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24952/title/de-de-apni-naukri-balaji-sarkar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |